# Page Three


## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous

Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# जान की परवाह किये बगैर आपदा प्रभावितों की मदद को बढ़ाये हाथ

**सराहनीय**

पचास से भी ज्यादा ग्रमीणों की जान बचाई

## पुलिस अधीक्षक ने चलाया आपदा प्रभावित क्षेत्रों में रैस्क्यू अभियान





पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी।

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**

पिथौरागढ़। सीमांत तहसील बंगापानी क्षेत्र के आपदा प्रभावित क्षेत्रों का जिला मुख्यालय की पुलिस अद्यीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी ने जायजा लिया। क्षेत्र के आपदा ग्रस्त गांव लुमती मोरी आदि गांवों में आई भीषण आपदा के चलते खुद रैस्क्यू अभियान चलाकर उनके साथ यहां मौके पर मौजूद पुलिस एसडीआरफ व एनडीआरफ की टीमों को आवश्यक दिशा निर्देश देने के साथ राहत बचाव कार्य कर पचास से भी ज्यादा ग्रमीणों की जान बचाई।

बता दें कि चामी से बगीचाबगड क्षेत्र को जोड़ने वाला पुल आपदा के दौरान टूट गया। जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक प्रीति प्रियदर्शनी ने खुद की जान की परवाह किये बना आपदा प्रभावित क्षेत्र के गांव लुमती व मोरी में रोप व रस्सी के सहारे रिवर क्रासिंग कर गांवों में राहत बचाव का कार्य चलाते हुए वहां विशेष रूप से सर्च आपरेशन चलाया।

पहली बार क्षेत्र में आई भीषण आपदा में जिला मुख्यालय से पुलिस अद्यीक्षक सीमांत तहसील में खुद राहत बचाव कार्य में रैस्क्यू करने पहुंची है। जानकारी के मुताबिक सीमांत बंगापानी तहसील के लुमती व मोरी गांव में में भीषण बारिश के चलते भारी भूस्खलन और पहाड़ों में दरार पड़ने के कारण आपदा प्रभावित क्षेत्रों में भारी नुकसान होने के समाचार मिले है।

पुलिस अधीक्षक महोदया स्वयं के बलबूते क्षेत्र में रैस्क्यू अभियान खुद मानिटर कर रही है। कई किमी जोखिम भरे नाले व गधेरों को पार कर क्षेत्र के आपदा प्रभावितों के बीच जाकर उनकी समस्याओं से रूबरू हो रही हुई।

ताजा समाचार मिलने तक अब तक मौके पर लुमती व मोरी और भ्यूला गांव व धामी गांव में अधिकांश ग्रमीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा चुका है। पुलिस अद्यीक्षक महोदया ने क्षेत्र के आपदा प्रभावित ग्रमीणों को हर संभव मदद दिलाये जाने का भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होनें क्षेत्र में राहत बचाव कार्य में लगे पुलिस व एसडीआरफ व एनडीआरफ टीम को राहत बचाव कार्य में तेजी लाने के सख्त निर्देश भी दिये।

इस दौरान राहत व बचाव कार्य में उनके साथ धारचूला के पुलिस उपाद्यीक्षक विमल कुमार व अन्य रैस्क्यू टीमें मौजूद रही।

## न्यूज डायरी

### मयूर दीक्षित की पदोन्नति जिलाधिकारी उत्तरकाशी हो जाने पर भावभीनी विदाई

**संवाददाता** रूद्रपुर। निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी मयूर दीक्षित (आईएएस) की पदोन्नति जिलाधिकारी उत्तरकाशी हो जाने पर विकास भवन के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। अधिकारियों द्वारा अपने सम्बोधन में मुख्य विकास अधिकारी के लगभग 1.5 साल के कार्यकाल की सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद को विकास कार्यो मे अहम भूमिका निभाई तथा विकास कार्यो को गति दी। उन्होंने मनरेगा के क्षेत्र मे जनपद को कई पुरस्कार दिलाये। निवर्तमान मुख्य विकास अधिकारी ने कहा जो कार्य हमने शुरू किये हैं, उन्हें अच्छे तरीके से आगे बढ़ाना। उन्होंने कहा हमे अपने दायित्वों का निर्वहन भलीभांति से करना चाहिए। उन्होंने कहा हमें परिवार की तरह आपस में मिलजुल कर कार्य करना चाहिए।

### भंडारा, रामायण पाठ स्थगित कर केवल रुद्राभिषेक से मनाया वार्षिकोत्सव

**संवाददाता** देहरादून। राज राजेश्वरी कॉलोनी देहरा खास देहरादून के निवासियों ने आज सदा शिव मंदिर प्रांगण में कोविड–19 के चलते विगत वर्षो से निरंतर चलने वाले भंडारे तथा रामायण पाठ को स्थगित कर केवल रुद्राभिषेक द्वारा वार्षिकोत्सव मनाया। मंदिर के घंटे, रेलिंग ,भक्तों के हाथ सैनिटाइज कराने के पश्चात सीमित संख्या में कॉलोनी वासियों ने मंदिर प्रांगण में वार्षिकोत्सव में भाग लिया जबकि शेष कॉलोनी वासियों ने उपरोक्त समय पर अपने अपने निवास से वीडियो कॉल से पूजा से जुड़ने का कार्यक्रम रखा। इस अवसर पर भाजपा महानगर मीडिया प्रभारी एवं कॉलोनी संस्थापक सचिव ने सभी निवासियों से आगामी पांच अगस्त को अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के शिलान्यास के अवसर पर अपने अपने निवास में पांच पांच दीए प्रज्जवलित करने का आह्वान किया।

### ऑनर ने पहला लैपटॉप ऑनर मैजिक बुक 15, स्मार्ट फोन ऑनर 9 ए, 9 एस भी किए पेश

**संवाददाता** देहरादून। युवाओं के लिए वैश्विक तौर पर एक अग्रणी ब्राण्ड ऑनर ने आज भारत में लैपटॉप वर्ग में अपना जलवा बिखेरने के साथ ही अपने किफायती स्मार्ट फोन के पोर्टफोलियो में विस्तार की भी घोषणा की है। अपनी 1६ 8६ एन इंटरनेट ऑफ थिंग्स रणनीति के तहत कंपनी ने ब्राण्ड का पहला लैपटॉप बाजार में उतारा है, जिसे ऑनर मैजिक बुक 15 नाम दिया गया है। भारत का पहला लैपटॉप है, जो तीन असाधारण इनोवेशन1 पर आधारित है। इसकी पेशकश प्री–इंस्टॉमल्डी माइक्रोसॉफ्ट विंडोज 10 होम के साथ की गई है और सभी यूजर्स को माइक्रोसॉफ्ट 365 पर्सनल सब्स क्रिप्श–न का एक महीने का ट्रायल फ्री में मिलेगा।

## उफनाते नाले में मलबे के साथ बहे विधायक धामी, कार्यकर्ताओं ने बचाई जान

**संवाददाता** पिथौरागढ़। सीमांत तहसील धारचूला के विधायक हरीश धामी हादसे का शिकार होने से बाल बाल बच गये। जानकारी के मुताबिक धामी बंगापानी तहसील के मोरी गांव में आपदा प्रभावित क्षेत्रों के पीड़ितों की समस्याओं को जानने व राहत बचाव कार्यो के लिए वहां पहुंचे। बता दें कि इसी बीच चिमडियागाड नाले में अचानक आए मलबे के साथ धामी बह गये। मौके पर उनके साथ चल रहे कार्यकर्ताओं ने उनकी जान बचाई। इस दौरान धामी के मुह व नाक और कानों में भी मलबा घुस गया। नाले में बहने के दौरान बोल्डरों की चपेट में आने से विधायक को चोटें भी आई है। धामी को को नाले से निकालने के बाद कार्यकर्ताओं ने डाक्टर को बुलाया। मौके पर धामी को प्राथमिक चिकित्सा दी गई। बता दें कि पिछले कुछ दिनों से विधायक धामी के ग्रह क्षेत्र में भीषण आपदा आई है जिस दौरान वे अपने क्षेत्र में भ्रमण व क्षेत्र के आपदा प्रभावितों की मदद के लिए राहत बचाव कार्य में शामिल हो रहे है। वही देर सांय मोरी गांव में पीड़ितों की समस्या सुनकर वे लौट रहे थे तो अचानक नाले के बहाव में बह गये। वही धामी को उनके साथ चल रहे कार्यकर्ताओं ने मौके पर बचा लिया। जिससे विधायक धामी की जान बच गई।



# स्मार्ट सिटी निर्माण प्रदेशवासियों के लिए बना परेशानी का सबब

**संवाददाता**

देहरादून। राजधानी में जगह जगह स्मार्ट सिटी के नाम पर हो रहे निर्माण कार्यों से जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और सड़कों पर बड़े बडे गढढे होने से राहगीर लगातार चोटिल हो रहे है और लोगों में इसके कारण रोष बना हुआ है। राजपुर रोड, दर्शनलाल चौक, पल्टन बाजार, सुभाष रोड, ईसी रोड़, आराघर चौक, चकराता रोड, दिलाराम बाजार सहित अनेक स्थानों पर सड़कों पर बड़े बड़े गढढे खोद कर छोड़ दिये गये है जो दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहा है।

राजधानी के अनेक क्षेत्रों में

### गढढे खोद कर छोड़ दिये गये है जो दुर्घटनाओं को दे रहा आमंत्रण

जहां एक ओर स्मार्ट सिटी निर्माण के कार्यों के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और राजधानी के सबसे व्यस्तम मार्ग राजपुर रोड, ईसी रोड, सुभाष रोड़, चकराता रोड पर कार्य के चलते जाम की स्थिति हर समय बनी हुई है और लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं दूसरी ओर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति जनजाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार ने कहा है कि स्मार्ट सिटी बनाने के नाम पर कई सड़के खोद दी गयी हैं जिस कारण लोगों का सड़कों पर चलना मुश्किल हो गया है बच्चे, बूढ़े गडढों में गिर रहे हैं वाहन भी ठीक प्रकार से नहीं चल पा रहे हैं जिस वजह से आए–दिन दुर्घटनाएं हो रही है लेकिन स्मार्ट सिटी परियोजना से संबंधित अधिकारी किसी भी प्रकार की कोई सुध नहीं ले रहे है जो चिंता का विषय है और साथ ही प्रदेश सरकार भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है और परियोजना से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित किये जाने की जरूरत है कि वह इस कार्य में तेजी लायें और सड़कों पर हुए गढढों को भरा जाये। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर केवल जनता को परेशान किया जा रहा है और दिन में काम करने के बजाय रात में काम किया जाना चाहिए।

## बाजार में घूमनें वालों से चालान कर वसुले 18 हजार रूपये

**संवाददाता**पुरोला। कोरोना वैश्विक माहमारी के क्षेत्र में बढ़ते संक्रमण को लेकर स्थानीय प्रशासन सख्त हो गया है,क्षेत्र,बाजार में तैनात कोविड मजिस्ट्रेटों ने तीन दिन में बगैर मास्कनगर घूम रहे 159 लोगों का चालन कर 18 हजार रूपये वसुल किये। दूसरी ओर रक्षा बंधन त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में बढ रही भीड़,खरीदारी करनें दूर दराज से आने वाले लोंगो में कई लोग बिना मास्क के ही बाजार में घूम रहे जिसे लेकर प्रशासन ने बाजार में पुलिस की गश्त बढ़ा दी है साथ ही बिना मास्क घूम रहे लोगों पर सख्ती करते हुए पुलिस–कोविड मजिस्ट्रेटों को चालान करनें के निर्देश दिये हैं ताकि लोगकोरोना संक्रमण को लेकर सावधानी बरत सामाजिक दूरी और मास्क पहने के पालन करें।

उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी ने बताया कि त्योहारी सीजन शुरू होते ही बाजारों में बढ़ती भीड़ से कोरोना संक्रमण के बढती आंशका चलते एहतियातन नगर पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ ही बाजार क्षेत्र में गश्त,सख्ती बढ़ा दी है।